**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 16-05-2007**

**Participants : Budholiya Shri Rajnarayan**

>

## Title : Need to provide rail services between Hamirpur (U.P.) and Harpal (M.P.) and augment rail services/amenities between Mahoba & Khajuraho

**श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) :** महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में देश की आजादी के बाद से आज तक रेलवे द्वारा नई पटरी बिछाने का कोई ठोस कार्य नहीं कराया गया है। क्षेत्र की जनता में इस कारण रोा व्याप्त है, जबकि जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार सरकार से नई रेल लाइन बिछाने की मांगें समय समय पर की जाती रही हैं। हरपालपुर (मध्य प्रदेश) रेलवे स्टेशन से पनवाडी, राठ, मुस्करा, ि ववार, हमीरपुर मुख्यालय होते हुए हमीरपुर रेलवे स्टेशन तक, जिसकी लम्बाई लगभग 135 किलोमीटर है, उक्त रेलवे लाइन का सर्वेक्षण कराए जाने की तुरंत आवश्यकता है, जिसके बनने से क्षेत्र के लोग सीधे लखनऊ से रेल यातायात से जुड जायेंगे तथा क्षेत्रीय असंतुलन दूर होगा। वर्तमान में हमीरपुर जनपद में रेल यातायात की स्थिति संतोाजनक नहीं है। यह क्षेत्र रेलवे विकास से पूर्णतया वंचित है। महोबा-खजुराहो रेल लाइन 30 जून, 2007 तक पूर्ण होनी है। महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी मंडल की बैठक दिनांक 8 फरवरी, 2007 को माननीय सांसदों के संज्ञान में लाया गया कि महोबा/खजुराहो में अतिरिक्त गाड़ी खड़ी करने के लिए पर्याप्त जगह एवं इंजन बदलने के स्थान जैसी मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं, न ही ऐसी कोई भविय की योजना है। अतः जनता की सुविधा हेतु गाड़ी खड़ी करने के लिए उचित जगह एवं अतिरिक्त लाइनों की व्यवस्था शेड सहित की जाए साथ ही इंजन बदलने की व्यवस्था करायी जाये। स्टाफ को रहने के लिए पर्याप्त आवास की व्यवस्था कराई जाये। इस लाईन के पूर्ण होने पर दिल्ली से झांसी-महोबा होते हुए खजुराहो तक शताब्दी राजधानी एवं अन्य गाड़ियां तुरंत चलाई जायें। चित्रकूट मंडल में क्षेत्रीय असंतुलन एवं बेरोजगारी को दूर करने के लिए रेलवे का कोई कारखाना मेरे संसदीय क्षेत्र महोबा हमीरपुर में स्थापित किया जाये।

सदन के माध्यम से माननीय मंत्री से अनुरोध है उक्त सभी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र पूरे कराने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का कट करें।